ont>

Title: Need to start rail service between Manmad and Tirupati *via* Parli-Vikrabad.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : महोदय, मराठवारा क्षेत्र की जनता की तिरुपति के लिए सीधी रेल गाड़ी की मांग काफी लम्बे समय से चली आ रही है। वहीं दूसरी ओर आन्ध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र के लोगों की शिर्डी साईंबाबा के लिए सीधी रेल गाड़ी की मांग भी रेल मंत्रालय के पास काफी समय से लम्बित है। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबन्धक की सासंदों के साथ हुई हाल की बैठक में भी यह मांग उठायी गई तथा महाप्रबन्धक ने इस मांग से सहमत होते हुए मनमाड-तिरुपति वाया परली वैजनाथ-विकराबाद नई रेलगाड़ी का एक प्रस्ताव बनाकर दिसम्बर, 2002 में रेलवे बोर्ड के पास भेजा था। तब से यह प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के पास लम्बित है। रेल बजट 2003-04 में हालांकि 60 नई रेलों के चलाए जाने की घोाणा की गई, परन्तु जनता की इस वाजिब मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

अतः इस सदन के माध्यम से मैं सरकार से अपील करता हूं कि वह जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस मामले में शीघ्र निर्णय करें तथा मनमाड-तिरुपति वाया परली वैजनाथ-विकराबाद नई रेलगाड़ी बिनो और देरी किए चलायी जाए।